




नवभारत
भोपाल, मंगलवार, 28 अप्रैल, 2026

# नरवाई की आग बनी कहर, दो ट्रैक्टर स्वाहा

## ग्राम शेखपुरा में दोपहर भड़के आग के दावानल से किसान के 30 लाख के उपकरण जलकर खाक

- प्रारंभिक तौर पर आगजनी का कारण शार्ट सर्किट
- तेज हवाओं के कारण आग पर काबू पाना हुआ मुश्किल

नवभारत न्यूज

**सीहोर. 27 अप्रैल. जिले के मंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत शेखपुरा गांव में सोमवार शाम खेत की नरवाई में लगी भीषण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया. देखते ही देखते आग की लपटें करीब 500 मीटर दूर स्थित एक किसान के खेत पर बने मकान तक पहुंच गई और वहां खड़े ट्रैक्टर, ट्रॉली सहित कई कृषि उपकरणों को अपनी चपेट में ले लिया. आगजनी की इस घटना में किसान को करीब 30 लाख रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान है.**

जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर ग्राम शेखपुरा निवासी दिलीप पिता रामसिंह गौर के खेत में बने मकान से कुछ दूरी पर अचानक नरवाई में आग लग गई. प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. उस समय दिलीप गौर अपने खेत पर ही मौजूद थे और ट्रॉली में गेहूं भरने का काम कर रहे थे. अचानक धुआं और तेज लपटें उठती देख



सीहोर. सोमवार की दोपहर समीपस्थ ग्राम शेखपुरा में लगी भीषण आग की चपेट में आए ट्रैक्टर व कृषि उपकरण धू धू जल रहे थे.

इलाके में अफरा-तफरी मच गई.

आग ने तेजी से फैलते हुए खेतों को पार किया और सीधे किसान के मकान तक पहुंच गई. हालात इतने भयावह हो गए कि आसपास के लोग भी दहशत में आ गए. किसान और उसके परिजनों ने पहले अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवाओं और सूखी नरवाई के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया. इसके बाद तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी गई.

सीहोर से पहुंची दमकल की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया. आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दमकलकर्मियों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी. करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग की लपटों पर काबू पाया जा सका. इस दौरान टैंकर और मोटर पंप की भी मदद ली गई.

हालांकि तब तक आग अपना भारी नुकसान कर चुकी थी। किसान के घर के सामने खड़े दो ट्रैक्टर, एक गेहूं से भरी ट्रॉली, जनरेटर का आर्मीचर, रोटावेटर, कुटकी मशीन (चारा काटने की मशीन), हड़म्बा मशीन, लगभग 50 पाइप और अन्य कृषि उपकरण पूरी तरह जलकर राख हो गए. घटना के बाद का मंजर बेहद मार्मिक था. अपनी मेहनत की कमाई को जलते देख किसान दिलीप गौर और उनके परिवार के लोगों की आंखों से आंसू निकल आए. उन्होंने बताया इस आगजनी में उनका भारी नुकसान हुआ है और उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. किसान ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि नुकसान की कुछ भरपाई हो सके.

### नरवाई में आग लगाने से बाज नहीं आ रहे किसान

प्रशासन द्वारा खेतों की नरवाई जलाने को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं, लेकिन किसान इस आदेश को तरजीह न देते हुए खेतों में खड़ी नरवाई को आग के हवाले कर रहे हैं. रोजाना दिन और रात में खेतों से उठती आग की लपटें और काला दमघोंटू धुआं उड़ता नजर आ रहा है, लेकिन प्रशासन के जिम्मेदारों को यह नजर नहीं आ रहा. इसके परिणामस्वरूप आगजनी की घटनाओं में भी बढ़ोत्तरी हो रही है. कई गांवों में अब तक दर्जनों आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं.

### आगजनी का मामला दर्ज

शेखपुरा में आग लगने से किसान के ट्रैक्टर, ट्रॉली और अन्य सामान जलने की जानकारी मिली है। फिलहाल मामला दर्ज नहीं हुआ है, लेकिन आगजनी का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाएगा।

**सुनील मेहर,**
थाना प्रभारी, मंडी

## बड़ा भाई ही निकला भाई का हत्यारा

**इछावर.** सगे रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक घटना ने हर किसी को झागझोर दिया. दो सगे भाइयों के बीच में हुई मामूली तू तू मैं मैं देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई और बड़े भाई ने छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया. पुलिस को गुमराह करने के लिए लाश को गांव के सुनसान रास्ते पर फेंक दिया और घर से हत्या के सभी साक्ष्य छुपा दिए. रविवार सुबह करीब 9.30 बजे ग्राम सतपिपलिया निवासी देवेंद्र परमार 32 साल ने पुलिस को सूचना दी कि उनके भाई अंकुश परमार का शव रामनगर रोड पर हेमराज के खेत की मेड के पास पड़ा है. मृतक के शरीर पर गहरे घाव है जो धारदार हथियार से किए गए प्रतीत होते हैं. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ की. पुलिस ने गांव के कुछ पुराने विवादों और अंकुश की कॉल डिटेल निकाल कर हत्या की गुत्थी सुलझाने की कोशिश की. इस बीच मृतक का बड़ा भाई देवेंद्र परमार लगातार अपने बयान बदल रहा था. जिससे पुलिस के शक के दायरे में आता जा रहा था. पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गया. और उसने छोटे भाई की हत्या करना स्वीकार कर लिया. जानकारी अनुसार दोनों भाई अविवाहित थे. गलत आदतों के कारण इनका विवाह नहीं हो रहा था। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों में शनिवार की रात को विवाद हुआ. पुलिस ने 5 घंटे में हत्या की गुत्थी सुलझा दी है.

## एक नजर में



### 11 लाख रुद्राक्ष महोत्सव का हुआ भूमि पूजन

**आष्टा.** नगर में आयोजित होने जा रहे 11 लाख रुद्राक्ष महोत्सव, राम कथा एवं 51 कन्याओं के सामूहिक विवाह सम्मेलन के अंतर्गत सोमवार को मुकाती जी की बावड़ी परिसर में भूमि पूजन सम्पन्न हुआ. वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्वामी सत्य शेल जी महाराज ने भूमि पूजन कर महोत्सव का शुभारंभ किया. अपने उद्बोधन में स्वामी जी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, एकता और संस्कारों का संचार करते हैं. आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तथा पूरे आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की गई. आगामी 2 से 8 जून तक भव्य राम कथा, 11 लाख रुद्राक्ष का नि:शुल्क वितरण, 51 कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन, संतों के प्रवचन एवं आशीर्वचन होंगे. इस दौरान साध्वी ऋतुंभरा देवी एवं पंडित धीरेंद्र शास्त्री सहित कई संत-महात्माओं का सान्निध्य प्राप्त होगा.




### समीक्षा बैठक में एफएलएन को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा

**आष्टा.** ब्लाक स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. अध्यक्षता विकासखंड स्रोत समन्वयक अजब सिंह राजपूत द्वारा की गई. बैठक का संचालन सुमन स्वर्णकार द्वारा किया गया. बैठकमें वर्तमान शैक्षणिक स्थिति एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई. साथ ही आगामी माह के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान एफ एल एन को सुदृढ़ करने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई. बैठक में मनोहर लाल विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, फूलचंद सांकले, देवजी मेवाड़ा एवं शालिनी सरासिया आदि उपस्थित थे.



### निशा को न्याय दिलाने सर्व विश्वकर्मा समाज ने सौंपा ज्ञापन

**सीहोर.** सामुहिक दुष्कर्म और हत्या की शिकार हुई निशा विश्वकर्मा को बेटियों ने श्रद्धांजली दी और हाथों में फोटो रखकर दरिंदे आरोपियों को तत्काल फांसी देने एवं पीडित परिवार को सुरक्षा, सहायता प्रदान किए जाने की मांग का ज्ञापन सौंपा. गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के ग्राम कटरिया निवासी सियाराम विश्वकर्मा की 16 वर्षीय पुत्री निशा विश्वकर्मा के साथ क्षेत्र के गुंडों ने सामुहिक दुष्कर्म किया और गला काटकर हत्या कर दी. आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग का ज्ञापन सौंपने वालों में जानवी, जीविका विश्वकर्मा, अविका विश्वकर्मा, रितिका विश्वकर्मा, जागृति विश्वकर्मा, विधि विश्वकर्मा, जितेंद्र नारोलिया, हेमंत विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, ताराचंद विश्वकर्मा, नंदराम विश्वकर्मा, आशीष कुशवाहा, राजेश मेवाड़ा, पवन विश्वकर्मा, विजेंद्र जायसवाल, अशोक राठौर नरेंद्र विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे.




### मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के निराकरण के लिए बैठक

**सीहोर.** प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल द्वारा आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सम्बंध में मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा के लिए बीमा कंपनी एवं आवेदक अधिवक्तागण की बैठक आयोजित की गई. बैठक में 20 से अधिक मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों पर चर्चा की गई. बैठक में विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश एमके वर्मा, प्रशांत कुमार, महेश कुमार चौहान, श्रीमती उषा तिवारी, आसिफ अहमद अब्बासी, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान आदि अधिवक्तागण उपस्थित थे.




### भीषण गर्मी में बेजुबानों का सहारा बनी नगरपालिका

**आष्टा.** नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के निर्देश पर नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख चौक-चौराहों पर पशुओं और पशु-पक्षियों के लिए पानी की ठेले रखवाई गई हैं. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की उपस्थिति में कॉलोनी चौराहा, बसस्टैंड, भोपाल नाका यात्री प्रतिक्षालय, यात्री प्रतिक्षालय पर जल मंदिर की स्थापना की गई. एक दर्जन स्थानों पर गौवंश के लिए पानी की ठेले भी रखवाई. पक्षियों के लिए पेड़ों पर सकोरे बांधने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है. इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, कुशलपाल लाला, जितेन्द्र बुदासा, मनीष सोनी, अरूण श्रीवास्तव, जगदीश वर्मा, संजय शर्मा, हरनाथसिंह मालवीय, अर्जुन घेंघट, बाबूलाल जाटव, सर्वेश भट्नागर, प्रियांक शर्मा, श्रवण मालवीय आदि उपस्थित थे.

## गेहूं उपार्जन में कोई किसान वंचित न रहे

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 अप्रैल.** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई. कलेक्टर ने जिले में गेहूं उपार्जन कार्य को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी राजस्व एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों के स्लॉट बुकिंग के अनुसार समय पर और सुचारू रूप से खरीदी सुनिश्चित की जाए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में कोई किसान उपार्जन से वंचित न रहे.

कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो. उन्होंने पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया. प्रतिकूल मौसम को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश की स्थिति में गेहूं के सुरक्षित भंडारण के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाए. ताकि उपज को किसी प्रकार का नुकसान न हो. कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों पर पंजीकृत किसानों का ही गेहूं खरीदा जाए और इस बात की निगरानी रखी जाए कि व्यापारियों का गेहूं केन्द्रों तक न पहुंचे. अधिकारियों को जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करते हुए उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए. बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, रविंद्र परमार, जमील खान, एसडीएम तन्मय वर्मा मौजूद थे.

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आए युवक की मौत

- रेलवे ओवरब्रिज पर सोमवार की शाम हुआ हादसा
- हादसे के बाद अस्पताल में भारी भीड़ जमा

नवभारत न्यूज

**बुधनी 27 अप्रैल.** थाना क्षेत्र में सोमवार शाम रेलवे ओवरब्रिज पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई. लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल ऑटो के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अमीश अली (22) पिता परवेज अली, निवासी बुधनी के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि युवक अपने पिता को लेने के लिए जा रहा था, तभी नर्मदापुरम की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल लाया गया. अस्पताल परिसर में शोक का माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्रित हो गए. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. साथ ही शव का पोस्टमॉर्टम करवाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है. प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है.



### हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**बुधनी/शाहगंज.** थाना शाहगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खितवाई में बीती शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई. हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शाहगंज-बकतरा मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया. पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए. मौके पर पहुंचे बुधनी एसडीओपी रवि शर्मा एवं तहसीलदार ललित सोनी ने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें शांत कराया, तब जाकर जाम समाप्त हुआ.

## आईईएस स्कूल ने मेधावी छात्रों का किया सम्मान

- कलेक्टर बालागुरू के ने किया छात्रों को सम्मानित
- सम्मान समारोह में छात्रों के अभिभावक भी रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 अप्रैल.** आईईएस पब्लिक स्कूल ने कक्षा एक से 11 वीं के छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कार समारोह आयोजित किया. इस कार्यक्रम में आईईएस के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा गया, और उन्हें नकद पुरस्कार,




छात्रवृत्तियां और ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया.

समारोह का शुभारंभ कलेक्टर डॉ. बालागुरु के एवं प्रोफेसर डॉ सुनीता सिंह, चेयरपर्सन आईईएस पब्लिक स्कूल भोपाल एवं सीहोर द्वारा किया गया. डॉ. बालागुरु के ने माता-पिता को प्रोत्साहित किया कि वे अपने बच्चों को उनकी रुचियों के आधार पर करियर चुनने में प्रेरित करें और उनका समर्थन करें वही विद्यार्थियों को राष्ट्र और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया और उनका मार्गदर्शन किया. ग्रुप डाइरेक्टर प्रो. मनीषा क्राथेकर ने अतिथियों एवं पालकों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने गर्व के साथ अपने बच्चों को मंच पर सम्मान प्राप्त करते देखा. उन्होंने छात्रो की सफलता में माता-पिता और शिक्षकों द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की.

## गौमाता की सुरक्षा सम्मान में निकाली रैली

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 अप्रैल.** गौ माता की हो रही दुर्दशा को लेकर चिन्तित संत समाज के नेतृत्व में सैकड़ो धर्मप्रेमीजनों ने रैली निकालकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर को सौंपा.

सभी ने एक स्वर से मांग की है कि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए और उनकी सुरक्षा-सम्मान के लिए शीघ्र ही समुचित कदम उठाए जाएं. गौवध को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए.

शहर के सभी प्रसिद्ध संतजनों द्वारा इस अभियान को पूरी गति प्रदान की गई और राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे महाअभियान में लोगों को रजिस्ट्रेशन करवाकर जोड़ने का कार्य लगातार किया जा रहा है. आज इसी कड़ी में शहर के गीता मानस भवन में धर्मप्रेमीजन इकट्ठा हुए और गौ माता की सुरक्षा-सम्मान के लिए नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे. रैली में श्रीश्री 1008 संत उद्धवदास जी महाराज त्यागीबाबा, श्रीश्री 108 महंत श्री हरिरामदास जी हंसदास मठ मंदिर, सीताराम आश्रय के महंत श्री नरेश तिवारी, विशम्भरदयाल जी, संत उत्तमदास जी सहित अनेक जन शामिल हुए.

## पंच कुण्डात्मक महायज्ञ में उमड़ी भीड़

**सीहोर.** प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में पांच दिवसीय भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. देर रात्रि को यहां पर भजन संध्या का आयोजन किया गया, वहीं महायज्ञ के अंतर्गत नित्य पूजन, अभिषेक एवं अर्चन किया गया.द श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में संत माधव दास महाराज के सानिध्य में पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. प्रतिदिनवक्ताओं के द्वारा श्रद्धालुओं को यज्ञ की महिमा के बारे में बताया जा रहा है. सोमवार को मोहिनी एकादशी के पावन अवसर पर फलहारी प्रसादी का वितरण किया गया. इस मौके पर नमिता अखिलेश राय, सन्नी सरदार, यज्ञाचार्य पं. कुणाल व्यास, रजत मुंदड़ा ने श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया.

**मौसम** | मौसम विभाग ने जिले में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट किया जारी

## भीषण गर्मी के मिजाज ने दस साल का रिकार्ड तोड़ा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 अप्रैल.** गर्मी ने अप्रैल माह में पिछले 10 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है. पिछले तीन दिनों से लगातार अधिकतम तापमान 44 डिग्री के पार बना हुआ है. वहीं मंगलवार से मौसम विभाग ने हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.

ऐसे में कलेक्टर बालागुरू के. ने गर्मी में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को देखते हुए शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के संचालन का समय 30 अप्रैल तक सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 बजे किया गया है. दो पालियों में संचालित होने वाले स्कूलों का समय यथावत रहेगा. हालांकि परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य पूर्ववत ही रहेगा. कलेक्टर ने आंगनवाड़ियों का भी समय बदल दिया है. जिले की सभी आंगनबाड़ियां बच्चों के लिए सुबह 8.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होगी. यह आदेश सभी प्ले स्कूल, सभी शासकीय, अशासकीय, केन्द्रीय विद्यालय, सीबीएसई से संबद्ध समस्त शालाओं पर भी लागू रहेगा.

गौरतलब है कि सोमवार को अधिकतम तापमान 44.5 और न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम विभाग के हीट वेव के अलर्ट से आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है. हालांकि एक दिन पहले रविवार देर शाम जिले के कुछ इलाकों में तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई थी. इससे मौसम में थोड़ी राहत तो मिली थी, लेकिन अब उमस और ज्यादा बढ़ गई है। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार अप्रैल खत्म होते-होते गर्मी अपने चरम



पर पहुंच सकती है और मई के शुरुआती दिनों में हालात और अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं.

पिछले 10 साल में अप्रैल महीने में अधिकतम तापमान 44 डिग्री के पार नहीं गया. अप्रैल महीने में अधिकतम तापमान 2023 में जरूर 43 डिग्री तक पहुंचा था. लेकिन इस बार गर्मी ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं. सोमवार को सुबह से ही गर्मी का असर तेज दिखाई दिया। स्थिति यह रही कि सुबह 10 बजे ही अधिकतम तापमान 41 डिग्री पहुंच गया. दोपहर 12 बजे तापमान 43 डिग्री पार हो चुका था। 2 बजे अधिकतम तापमान 44 डिग्री पार हो चुका था। करीब 2 घंटे तक 44.5 डिग्री ही तापमान बना रहा. सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा.


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार बैंक बजाज हाउसिंग फाइनेंस सीहोर ने श्री प्रमोद सोलंकी पुत्र नेमीचंद सोलंकी निवासी आष्टा को उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य के आवासीय प्लाट मकान नंबर 58/2 रकबा 394 वर्गफुट स्थित वार्ड नंबर 03 शेष वार्ड मीरपुरा अलीपुर आष्टा तहसील आष्टा जिला सीहोर म0प्र0 पर ऋण स्वीकृत किया गया है। उक्त संपत्ति बालमुकुंद पुत्र छीतरमल की पैतृक संपत्ति थी जो पैतृक संपत्ति के रूप में श्री प्रमोद सोलंकी को प्राप्त हुई उक्त संपत्ति पर श्री बालमुकुंद के किसी भी वैधानिक उत्तराधिकारी का कोई हक़ कब्ज़ा स्वत्व आदि है तो या उक्त सम्पत्ति पर किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय वित्तीय संस्था / बैंक / सोसायटी / संस्था / व्यक्तिगत / अन्य का किसी प्रकार कोई हित, स्वत्व, संबंध या किसी प्रकार का कोई लेनदेन हो अथवा उक्त सम्पत्ति कहीं रेहन भार साम्यिक बंधक आदि हों तो वह इस सूचना पत्र के प्रकाशन की 07 दिवस की अवधि में मय प्रमाण पत्र सहित दस्तावेज / लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय 1, आशियाना भवन, पुराना थाना रोड, आष्टा जिला सीहोर में प्रस्तुत करें। समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा स्वत्व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और यह समझा जावेगा कि प्रकाशन में दी गई जानकारी सर्वसाधारण को स्वीकार है और मेरा पक्षकार बैंक उक्त सम्पत्ति को बंधक रख रखने के लिए अग्रसर होगा।

दिनांक-26/04/2026

**भवदीय**
**के.पी. कुरेशी, एडवोकेट**
**कार्यालय-1 आशियाना भवन**
**पुराना थाना रोड, आष्टा जिला सीहोर**